Hindustan–13 May -2024

# जल जीवन मिशन को लेकर सवाल उठाया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल में चार चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को सवाल उठाया कि हुगली में 40 प्रतिशत घरों में 'जल जीवन मिशन' क्यों विफल रहा? कांग्रेस महासचिव रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में गंगा की सफाई पर भी सवाल उठाए और केंद्र सरकार पर 7,000 करोड़ रुपये की राशन निधि रोकने का आरोप लगाया।

Hindustan –13 May -2024

# एनजीटी ने डल झील पर जवाब मांगा

नई दिल्ली। एनजीटी ने कश्मीर में डल झील की 'बिगड़ती स्थिति' पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रदूषण नियंत्रण समिति सहित कई अधिकारियों से जवाब मांगा है। हरित पैनल एक मामले की सुनवाई कर रहा था जिसमें उसने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि नगरपालिका के सीवेज, प्रदूषण और शहरीकरण के कारण कश्मीर में डल झील की स्थिति खराब हो रही है।